उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ
संख्या-218/06/तीन (परी०-1)/2025/खण्ड-2
लखनऊः दिनांक- 17 मार्च, 2025

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा विज्ञापन संख्या-23-परीक्षा/2016, सम्मिलित तकनीकी सेवा (सामान्य चयन) परीक्षा-2016 के पद क्रम सं0-06 पर विज्ञापित हवलदार इंस्ट्रक्टर के पदों पर चयन हेतु शारीरिक माप एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों की शारीरिक माप एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-191/06/तीन (परी०-1)/2025/खण्ड-2 दिनांक-05 मार्च, 2025 प्रकाशित की गयी थी।

सूच्य है कि प्रश्नगत शारीरिक माप एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन दिनांक-24-03-2025 से 29-03-2025 (कुल 06 दिवस) तक परीक्षा केन्द्र-35वीं वाहिनी, पी0ए0सी0 महानगर, लखनऊ में मा0 आयोग द्वारा अनुमोदित निम्नलिखित मानकों के अनुसार कराया जाना है-

A. अभ्यर्थियों हेतु शारीरिक माप हेतु निर्धारित न्यूनतम मानक निम्नवत हैं-

अभ्यर्थी	ऊंचाई	सीना बिना फुलाये	सीना फुलाये जाने पर
पुरुष अन्य	167.70 से0मी0	78.80 से0मी0	83.80 से0मी0
पुरुष पर्वतीय	162.60 से0मी0	76.50 से0मी0	81.50 से0मी0
पुरुष अनुसूचित जनजाति	160.00 से0मी0	76.50 से0मी0	81.50 से0मी0
महिला अन्य	152.00 से0मी0	--	--
महिला पर्वतीय एवं अनुसूचित जनजाति	147.00 से0मी0	--	--

B. अभ्यर्थियों हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निर्धारित न्यूनतम मानक निम्नवत है-

विवरण	क्रियाकलाप	न्यूनतम मानक (अर्हकारी)
पुरुष अभ्यर्थियों हेतु	दौड़ (1500 मीटर)	अधिकतम 06 मिनट में
	क्रिकेट गेंद फेंकना	55 मीटर
	लम्बी कूद	13 फीट
	बीम(चिनिंग अप)	5 बार
महिला अभ्यर्थियों हेतु	दौड (800 मीटर)	अधिकतम 04 मिनट 30 सेकण्ड में
	लम्बी कूद	09 फीट
	क्रिकेट गेंद फेंकना	25 मीटर
	स्कीपिंग (रस्सी कूदना)	55 बार (01 मिनट में)

C. शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निर्धारित पृथक-पृथक क्रियाकलापों को निम्नलिखितक्रमानुसार आयोजित कराया जायेगा-

a) **महिला अभ्यर्थियों के लिएः**-(i) दौड़ (ii) क्रिकेट गेंद फेंकना (iii) लम्बी कूद (iv) स्कीपिंग (रस्सी कूदना)
b) **पुरुष अभ्यर्थियों के लिएः**-(i) दौड़ (ii) क्रिकेट गेंद फेंकना (iii) लम्बी कूद (iv)बीम (चिनिंग अप)

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा तिथि व समय के अतिरिक्त अन्य किसी तिथि व समय पर शारीरिक माप एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी, परन्तु अपरिहार्य कारणवश अभ्यर्थी यदि शारीरिक माप एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु उसे आवंटित तिथि में परीक्षा हेतु उपस्थित नहीं हो पाता है तो वह आयोग द्वारा आरक्षित तिथि (दिनांक-29-03-2025) में अपनी परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन साक्ष्य सहित (प्रत्यावेदन के साथ संलग्न मेडिकल रिपोर्ट इत्यादि) दिनांक-28-03-2025 की सायं 05:00 बजे तक आयोग को उपलब्ध कराता है तो आयोग द्वारा अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन पर विचार करने के उपरान्त उसे आरक्षित तिथि (दिनांक-29-03-2025) प्रदान की जा सकती है परन्तु इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा। आयोग द्वारा शारीरिक माप एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु दिनांक-29-03-2025 को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश बन्द होने (पूर्वाह्न 08:00) के पश्चात भविष्य में अन्य तिथि व समय दिये जाने पर विचार नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा है कि शारीरिक माप व शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निर्धारित अर्हताओं के सम्बन्ध में भली-भांति अवगत होते हुए यह सुनिश्चित हो लें कि वे निर्धारित अर्हता/पात्रता को धारित करते हैं तथा पूर्णतया पात्र होने की दशा में ही शारीरिक परीक्षा में सम्मिलित हों। शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निर्धारित पृथक-पृथक क्रियाकलापों को उपर्युक्तानुसार निर्धारित क्रम में अभ्यर्थी को आवंटित परीक्षा दिवस व समय में ही आयोजित कराया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निर्धारित किसी क्रियाकलाप में यदि न्यूनतम अर्हकारी मानक प्राप्त नहीं किया जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थी को अगले क्रियाकलाप हेतु आयोजित परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

शारीरिक दक्षता परीक्षा के अन्तर्गत क्रियाकलाप क्रिकेट गेंद फेंकना एवं लम्बी कूद हेतु अभ्यर्थी को अधिकतम 03 अवसर प्रदान किये जायेंगे। अभ्यर्थी को प्रदान किये गये तीनों अवसरों में Foul होने अथवा न्यूनतम मानक प्राप्त न होने पर असफल (Not Qualified) घोषित किया जायेगा। यदि अभ्यर्थी प्रदान किये गये तीनों अवसरों में किसी भी अवसर में न्यूनतम मानक प्राप्त कर लेता है तो उसे शेष अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। क्रियाकलाप दौड़, स्कीपिंग (रस्सी कूदना) व बीम (चिनिंग अप) हेतु अभ्यर्थियों को मात्र एक अवसर प्रदान किया जायेगा।

प्रश्नगत शारीरिक माप एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों के परीक्षा केन्द्र पर पहुँचने का समय (रिपोर्टिंग टाइम) प्रातः 06:00 बजे व प्रवेश द्वार बंद होने का समय प्रातः 08:00 बजे निर्धारित किया गया है। तदनुक्रम में शारीरिक माप एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध प्रवेश पत्र सम्बन्धी लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियाँ अंकित करते हुए अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर शारीरिक माप एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन
आयोग।